दिन– गुरूवार दिनांक– 11/06/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – विकसित भारत के सपने को साकार करने में केन्द्र और राज्य सरकारों का सामूहिक प्रयास महत्वपूर्ण।

02 विधान परिषद की दस सीटों के लिए सभी उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित। एनडीए के खाते में नौ और महागठबंधन के खाते में आई एक सीट।

03. सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– सरकार सीमावर्ती क्षेत्रों में आकाशवाणी और दूरदर्शन की पहुंच मजबूत करने का प्रयास कर रही है।

04. और, बिहार में मानसून ने दी दस्तक। किशनगंज के तैय्बपुर में रिकॉर्ड एक सौ अड़तालीस मिलीमीटर बारिश हुई।

**अब समाचार विस्तार से.........**

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वैश्विक अस्थिरता के दौर में भी भारत, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ विकास पथ पर अग्रसर है। श्री मोदी ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में नीति आयोग की ग्यारहवीं शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर अग्रसर हो रहा है, ऐसे में केंद्र और राज्य सरकारों की सामूहिक जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। श्री मोदी ने कहा कि राज्यों के बीच सहयोग, संवाद और विचारों का आदान–प्रदान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नीति आयोग इसमें सहयोग के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, ताकि सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के बीच विचारों का समुचित आदान–प्रदान हो सके और विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में सामूहिक प्रयासों को बल मिले। बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल और उपराज्यपाल शामिल थे।

---

बिहार विधान परिषद की दस सीटों के लिए सभी उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। द्विवार्षिक चुनाव के तहत नौ और एक सीट के उपचुनाव के लिए नामांकन वापसी की समय सीमा समाप्त होने के बाद इन सभी उम्मीदवारों के निर्विरोध निर्वाचन

की घोषणा की गयी। सभी प्रत्याशियों को जीत का प्रमाण पत्र सौंप दिया गया है। एक रिपोर्ट...

––रिपोर्ट––

दस सीटों पर हुए चुनाव में एनडीए के खाते में नौ जबकि महागठबंधन के खाते में एक सीट आई है। भाजपा से भोजपुरी फिल्मों के जाने–माने अभिनेता पवन सिंह, संजय मयूख, अनिल कुमार ठाकुर और शीला पंडित को जीत मिली है। वहीं, जदयू से स्वास्थ्य मंत्री निशांत, भारती मेहता, शिवरानी देवी प्रजापति और ललन प्रसाद विजयी हुए हैं। ललन प्रसाद पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफे से रिक्त हुई सीट के लिए उम्मीदवार थे। चुनाव में लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास से पार्टी के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अंसारी को जीत मिली है। महागठबंधन की ओर से एक सीट पर राजद के सुनील कुमार सिंह विजयी हुए हैं। निधि श्री, आकाशवाणी समाचार पटना।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

जीत का प्रमाण पत्र लेने के बाद स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा कि वे बिहार को विकसित और समृद्ध बनाने के लिए काम करेंगे।

––साउंड बाइट––

राजद के नवनिर्वाचित विधान पार्षद सुनील कुमार सिंह ने कहा कि वे पार्टी की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

––साउंड बाइट––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में संचार व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार आकाशवाणी और दूरदर्शन के आधुनिकीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। जयपुर में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि अगले एक हजार दिनों में मास्टर प्लान बनाकर आकाशवाणी और दूरदर्शन का कायाकल्प किया जाएगा।

––साउंड बाइट––

मैं निवेदन करूंगा आकाशवाणी के सभी साथियों से और विशेषकर डीजी साहब से, राजीव जी से और हमारे प्रसार भारती के चेयरमैन श्री प्रसून जोशी जी से। कि अब हम एक नए तरीके से सोचे आकाशवाणी के बारे में। हम आज के समय के हिसाब से आकाशवाणी को डिजिटल फर्स्ट और हाईपर लोकल इन दो सूत्रों में बांधें। जो भी डिजिटल प्लेटफॉर्म हमारे आज अवेलेबल हैं अपना खुद का वेव्स ओटीटी है उस प्लेटफॉर्म को यूज करें। लोकल आर्ट, लोकल संस्कृति, लोकल खानपान को आगे लाने का ये बहुत बड़ा प्लेटफॉर्म बनाएं अगले एक हजार दिनों में एक मास्टर प्लान बना के आकाशवाणी और दूरदर्शन का पूरा ट्रांसफॉर्मेशन करें। आपको पूरा फ्रीडम है, जो आप कहोगे वो पॉलिसी बनेगी। पॉलिसी बनाने वाले आप, इम्पलीमेंट करने वाले आप।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राज्य सरकार ने कहा है कि सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों के कोचिंग, निजी ट्यूशन और व्यावसायिक संस्थानों में काम करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सज्जन आर. ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र निर्गत किया है। पत्र में कहा गया है कि ऐसे शिक्षकों के खिलाफ कठोर और अनुशासनिक कार्रवाई की जाए।

---

राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने राजस्व महाअभियान के तहत प्राप्त आवेदनों के निपटारे के लिए आज से सभी अंचलों में विशेष अभियान की शुरूआत की है। सत्रह जून तक चलने वाले इस अभियान के दौरान छियालीस लाख आवेदनों के निष्पादन का लक्ष्य रखा गया है।

---

राज्य सरकार ने जल जीवन मिशन – टू प्वाइंट–ओ के तहत केंद्र सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। पटना में आयोजित कार्यक्रम में विभागीय सचिवों ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री संजय कुमार सिंह ने बताया कि इस योजना के तहत जल संकट प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति का विस्तार किया जाएगा तथा छूटे हुए टोलों और बस्तियों तक नल–जल सुविधा पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार से अठारह हजार आठ सौ चौरानवे करोड़ रुपये उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। इस राशि से आर्सेनिक, फ्लोराइड और आयरन प्रभावित क्षेत्रों में भी शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।

---

पटना के डुमरी में एक सौ एकड़ में खेल सिटी का निर्माण किया जाएगा। इससे संबंधित प्रस्ताव जिलाधिकारी और जिला भू–अर्जन पदाधिकारी को भेजा जा चुका है। खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने आज विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कहा कि अरवल, मधेपुरा और किशनगंज जिले में पंद्रह जून से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस शुरू हो जाएगा। साथ ही सीवान, मुंगेर और जमुई में फुटबॉल के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाए जायेंगे। बैठक में बीसीसीआई द्वारा चयनित बिहार के

खिलाड़ियों को 'मेडल लाओ–नौकरी पाओ' योजना के तहत शामिल करने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई।

———————————————————————————

बिहार में मानसून ने दस्तक दे दी ही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दक्षिण–पश्चिम मानसून किशनगंज, अररिया, सुपौल, पूर्णिया, कटिहार और मधुबनी जिले में पहुंच चुका है। इस बार मानसून अपने तय समय से छह दिन पहले बिहार पहुंचा है। विभाग ने कहा है कि मानसून के प्रसार की अनुकूल परिस्थितियां बनी हुयी हैं और अगले दो से तीन दिनों के दौरान पूरे राज्य में मानसून की बारिश शुरू हो जाएगी। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान मानसून के प्रभाव से किशनगंज जिले में बहुत भारी बारिश दर्ज की गयी। जिले के तैय्बपुर में रिकॉर्ड एक सौ अड़तालीस मिलीमीटर बारिश हुयी है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि कल राज्य के अधिकतर हिस्सों में बारिश की संभावना है।

——साउंड बाइट——

———————————————————————————

इधर, बारिश के दौरान वज्रपात की घटना में मधेपुरा जिले के खापुर पंचायत के परेल गांव में एक दंपति की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि दंपति मक्का फसल की तैयारी के लिए खेत में गए थे और उसी दौरान यह घटना हुई।

———————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसले में कहा है कि गृहिणियों का कार्य केवल घरेलू कामकाज तक सीमित नहीं है, बल्कि वे परिवारों और भावी पीढ़ियों के निर्माण में अतुलनीय योगदान देती हैं। न्यायालय ने कहा कि घर का प्रबंधन करने वाली महिलाओं को केवल गृहिणी कहकर संबोधित नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि यह शब्द समाज में उनके योगदान को कम आंकता है। न्यायमूर्ति संजय करोल और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि देखभाल और घर के प्रबंधन सहित घरेलू काम अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

———————————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने हाजीपुर नगर परिषद के लेखापाल मनीष कुमार के दो ठिकानों पर छापेमारी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उनके हाजीपुर

के बागमली स्थित आवास और नगर परिषद कार्यालय परिसर स्थित सरकारी आवास पर छापेमारी की गयी। आय से अधिक संपत्ति के मामले में यह कार्रवाई की गयी है। छापेमारी के दौरान लाखों रुपये मूल्य के आभूषण, आलीशान घर, संपत्ति के कागजात और वाहन बरामद किये गए।

———————————————————————————

केंद्र सरकार की प्रमुख पहल प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत एनटीपीसी बाढ़ में अड़तालीस प्रशिक्षुओं प्रशिक्षण प्रारंभ हो गया है। इंडक्शन कार्यक्रम में एनटीपीसी बाढ़ के कार्यकारी निदेशक सी सत्य राम कृष्णा ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उन्हें सीखने और पेशेवर विकास के इस अवसर का भरपूर लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

———————————————————————————

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष बबन रावत ने पटना के बोरिंग रोड में मेन होल की सफाई के दौरान एक मजदूर की मौत और एक अन्य के बीमार होने के मामले में राज्य सरकार से तीस लाख रुपये मुआवजे की मांग की है। साथ ही उन्होंने दोषियों पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज करने की भी मांग की है।

———————————————————————————

रोहतास जिले के डेहरी स्थित पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में दौड़ के दौरान पांच प्रशिक्षु जवान भीषण गर्मी के चलते बेहोश हो गए। इनमें से एक प्रशिक्षु सिपाही श्रीराम कुमार की पटना एम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई।

———————————————————————————

बांका जिले के रजौन थाना क्षेत्र अंतर्गत कठरंग गांव में अवैध बालू खनन के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची खनन विभाग की टीम पर बालू माफिया ने हमला कर दिया। इस हमले में एक जवान घायल हो गया।

———————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के बगहा पुलिस जिला से फेसबुक पर हथियार संग फोटो वायरल करने के मामले में तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हुयी है। इनके पास से एक देशी पिस्तौल भी बरामद किया गया है।

———————————————————————————

बक्सर जिले के डुमरांव और राजपुर प्रखंड में विशेष धावादल ने छापेमारी अभियान चलाकर चार बाल श्रमिकों को मुक्त कराया।

———————————————————————————————

मधुबनी जिले के जयनगर में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर तीन अवैध लॉटरी कारोबारियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया।

———————————————————————————————

शेखपुरा के एसपी बलिराम कुमार चौधरी ने आज ऑपरेशन मुस्कान के तहत पच्चीस लोगों के गुमशुदा मोबाईल उन्हें सौंपे।

———————————————————————————————

मुंगेर के किला परिसर स्थित इनडोर स्टेडियम में आज से चार दिवसीय पुस्तक मेले की शुरूआत हुई। मेले में विभिन्न प्रकाशकों ने अपने स्टॉल लगाए हैं।

———————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – विकसित भारत के सपने को साकार करने में केन्द्र और राज्य सरकारों का सामूहिक प्रयास महत्वपूर्ण।

02 विधान परिषद की दस सीटों के लिए सभी उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित। एनडीए के खाते में नौ और महागठबंधन के खाते में आई एक सीट।

03. सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– सरकार सीमावर्ती क्षेत्रों में आकाशवाणी और दूरदर्शन की पहुंच मजबूत करने का प्रयास कर रही है।

04. और, बिहार में मानसून ने दी दस्तक। किशनगंज के तैय्बपुर में रिकॉर्ड एक सौ अड़तालीस मिलीमीटर बारिश हुई।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।